आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

नये जमाने के साथ

# यश भारत

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिन करें
WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 16 अंक 10 ● कटनी ● गुरुवार, 10 फरवरी, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● माघ शुक्ल पक्ष-10 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935



## आगरा से मध्य प्रदेश, राजस्थान व हरियाणा की सीमाएं सील

आगरा, । उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए आगरा से मध्य प्रदेश, राजस्थान व हरियाणा की सीमाएं सील कर पुलिस वाहनों की जांच कर रही हैं। वाहन में बैठे लोगों की तलाशी भी ली जा रही है। आगरा जोन के आठ जिलों में से आगरा, मथुरा और अलीगढ़ जनपद में पहले चरण में गुरुवार को मतदान हो रहा है। इसके लिए तीनों जनपदों में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पैरा मिलिट्री फोर्स, पीएसी और पुलिस सभी मतदान केंद्रों पर तैनात की गई। आगरा जनपद के बाह क्षेत्र से मध्यप्रदेश की सीमा लगी है। सैंया, शमसाबाद, इरादत नगर, जगनेर, खेरागढ़, फतेहपुर सीकरी और अछनेरा क्षेत्र से राजस्थान की सीमा लगी है। फतेहपुर सीकरी में आगरा-जयपुर हाईवे पर बनाए गए चेकपोस्ट पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।



## हिजाब विवाद में सुप्रीम कोर्ट का दखल देने से इनकार

बेंगलुरु। कर्नाटक में चल रहे हिजाब विवाद में सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल दखल देने से इनकार कर दिया है। कांग्रेस नेता और वकील कपिल सिब्बल ने इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। कोर्ट ने इस मामले में कर्नाटक हाईकोर्ट का फैसला आने के बाद हस्तक्षेप करने की बात कही है।याचिका पर सुनवाई के दौरान CJI ने कहा, %पहले कर्नाटक हाईकोर्ट में आज होने वाली सुनवाई का फैसला आने दें। इसके बाद हम इस मामले को देखेंगे। सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट से कर्नाटक हाईकोर्ट में दाखिल याचिकाओं को अपने पास ट्रांसफर कर सुनवाई करने का आग्रह किया गया था। स्ट ने कहा- हम सुनवाई करेंगे तो हाईकोर्ट नहीं सुनेगा मामलाहिजाब विवाद से जुड़ी याचिका लगाने वालों की तरफ से सीनियर वकील कपिल सिब्बल सुप्रीम कोर्ट में पेश हुए।

### उत्तर में बर्फबारी से MP में ठिठुरन
## भोपाल में 3 डिग्री तक गिरा पारा, जबलपुर में भी रहा कोहरा

भोपाल । उत्तर में बर्फबारी के कारण मध्यप्रदेश में मौसम बदल गया है। बीते 24 घंटे के दौरान प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हुई। रात का पारा साढ़े 3 डिग्री सेल्सियस तक नीचे आ गया। भोपाल और पचमढ़ी में प्रदेश के अधिकांश इलाकों में न्यूनतम तापमान लुढ़क गया। खजुराहो, जबलपुर और रीवा में घना कोहरा रहा। मौसम वैज्ञानिक पीके साहा ने बताया कि अभी इसी तरह ठंडक रहेगी। रात के बाद दिन का तापमान भी नीचे आएगा। दिन में तापमान 25 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है। रात में पारा 10 के नीचे जा सकता है।

### यूपी चुनाव: सात चरणों में होने वाले चुनाव के पहले चरण की वोटिंग शुरू

# 11 जिलों के 58 विधानसभा चुनाव में हो रही वोटिंग







**लखनऊ, । देश की सर्वाधिक जनसंख्या वाले राज्य उत्तर प्रदेश में 18वीं विधानसभा के गठन के लिए सात चरणों में होने वाले मतदान में पहले चरण की वोटिंग कोहरे तथा ठंड के बाद भी शुरू हो गई है। मतदाता सात बजे से पहले ही केन्द्रों में पहुंच गए थे। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2002 में पहले चरण के मतदान में 11 जिलों के 58 विधानसभा क्षेत्र के मतदाता आज अपने अधिकार का प्रयोग कर रहे हैं।**

प्रात× सात बजे से शाम छह बजे तक होने वाले मतदान में आज प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार के नौ मंत्रियों की किस्मत ईवीएम में कैद हो जाएगी।बुलंदशहर में दूल्हे बलराम तो बागपत में 90 वर्षीया बाला ने किया मतदान रू उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 को लेकर निर्वाचन आयोग के साथ मतदाता भी गंभीर है। भयंकर ठंड तथा कोहरे के बाद भी मतदाता अपने अधिकार का प्रयोग कर रहे हैं। बुलंदशहर में बलराम की गुरुवार को बरात जानी है, लेकिन बलराम ने बरात में जाने से पहले सीधा मतदान केन्द्र का रूख किया और वोट डाला। बागपत में पहले दो घंटे में सर्वाधिक वोट पड़े हैं। यहां पर मतदाताओं में खासा जोश है। इसी जोश का उदाहरण हैं 90 वर्षीया वृद्धा बाला। जिनको उनका पोता विक्रांत मतदान के लिए गोद में उठाकर मतदान केन्द्र तक लाया। जहां पर बाला ने वोट डाला। पहले दो घंटे में कुल 7.93 प्रतिशत मतदान, बागपत में सर्वाधिक तो गाजियाबाद में सबसे कम वोटिंग रू उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव में पहले चरण के मतदान में 11 जिलों में पहले दो घंटे यानी सात से नौ बजे तक कुल 7.93 प्रतिशत मतदान हुआ है। घने कोहरे तथा ठंड के बीच सात बजे से मतदान शुरु होने से पहले ही लोग मतदान केन्द्र के बाहर एकत्र थे। दो घंटे में बागपत में सर्वाधिक 8.93 और गाजियाबाद में सबसे कम 7.37 प्रतिशत मतदान हुआ है। उत्तर प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार दो घंटे (7 से 9 बजे) के बाद दो घंटे के बाद आगरा में 7.53 अलीग? में 8.26, बागपत में 8.93, गौतमबुधनगर में 8.33, गाजियाबाद में 7.37, हापु? में 8.20, मथुरा में 8.30, मेरठ में 8.44, मुजफ्फरनगर में 7.50 तथा शामली में 7.70 प्रतिशत मतदान हुआ।शामली में गठबंधन प्रत्याशी पर दबाव बनाकर वोट डलवाने के आरोप में केस दर्ज हुए।

### उत्तराखंड विधानसभा चुनाव 2022

# श्रीनगर में पीएम मोदी की पहली फिजिकल रैली

## हरिद्वार-अल्मोड़ा में राहुल गांधी सभा करेंगे

**नई दिल्ली। उत्तराखंड में विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा और कांग्रेस ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राहुल गांधी उत्तराखंड में चुनावी रैली करेंगे।**



उत्तराखंड में 70 सीटों के लिए 14 फरवरी को चुनाव होना है।वीआईपी सीट से रैली की शुरूआत करेंगे प्रधानमंत्री उत्तराखंड में प्रधानमंत्री की पहली फिजिकल रैली वीआईपी सीट श्रीनगर में है। यहां पर भाजपा कैंडिडेट डॉ. धन सिंह रावत के पक्ष में जनसभा करेंगे। श्रीनगर सीट से कांग्रेस की ओर से प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोडियाल चुनाव मैदान में हैं। प्रधानमंत्री 11 फरवरी को अल्मोड़ा और 12 फरवरी को रुद्रपुर में भाजपा के पक्ष में प्रचार करेंगे।




### राहुल गांधी की एक दिन में दो रैली

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी हरिद्वार के मंगलौर और अल्मो ?ा के जागेश्वर में जनसभा करेंगे। राहुल दोपहर 11.50 बजे मंगलौर में और 3 बजे जागेश्वर में रैली करेंगे। मंगलौर सीट से पार्टी ने राष्ट्रीय सचिव काजी निजामुद्दीन और जागेश्वर से गोविंद कुंजवाल को मैदान में उतारा है। इनडोर रैली 50: क्षमता के साथ की जा सकती है। पांच राज्यों में चुनावी रैली को लेकर इलेक्शन कमीशन ने 6 फरवरी को नई गाइडलाइन जारी की थी। इसके मुताबिक राजनीतिक पार्टियां आउटडोर रैली कर सकती है, लेकिन मैदान में कुल कैपिसिटी का 30: भीड़ ही जुटा सकती हैं। इनडोर में 50: लोगों के साथ रैली की जा सकती है। रैली के दौरान नेता और जनता को कोरोना के नियमों का पालन करना होगा।



### 2017 का चुनाव परिणाम

उत्तराखंड में 2017 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 50 सीटों पर जीत दर्ज की थी। पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे को आगे कर चुनावी मैदान में उतरी थी। इस बार कांग्रेस के सामने फिर से सत्ता में वापसी करने की चुनौती है। 2012 से 2017 तक उत्तराखंड में कांग्रेस की सरकार रह चुकी है।

### MP हाईकोर्ट के जज पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था

# सुप्रीम कोर्ट ने महिला जज की बहाली के निर्देश दिए

नई दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के तत्कालीन न्यायाधीश के खिलाफ यौन उत्पीड़न की शिकायत करने वाली महिला जज को बहाल करने का निर्देश दिया है। महिला जज ने इस आधार पर बहाली की मांग की थी कि उन्हें 2014 में इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया गया था। इसके पहले 1 फरवरी जस्टिस एल नागेश्वर राव और बी.आर. गवई ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। गौरतलब है कि महिला न्यायाधीश ने अपनी याचिका में कहा था कि उच्च न्यायालय ने 15 दिसंबर, 2017 की न्यायाधीशों की जांच समिति की रिपोर्ट के स्पष्ट निष्कर्ष की अनदेखी की, जिसमें अतिरिक्त जिला न्यायाधीश के पद से याचिकाकर्ता के 15 जुलाई 2014 के इस्तीफे को असहनीय परिस्थितियों में लिया गया कदम बताया था। याचिका में कहा गया कि न्यायाधीशों की जांच समिति ने कहा था कि याचिकाकर्ता को सेवा में बहाल किया जाए क्योंकि उसने दबाव में इस्तीफा दिया था।






### सीएम बोम्मई की अपील

# स्कूल परिसर और राज्य में भंग ना करें शांति

**नई दिल्ली,** । कर्नाटक में जारी हिजाब विवाद के बीच राज्य के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई की प्रतिक्रिया सामने आई है। सीएम बोम्मई ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। राज्य के सीएम ने गुरुवार को कहा कि मैं बाहरी लोगों से अपील करता हूं कि स्कूल परिसर और राज्य में शांति भंग ना करें। सीएम ने कहा कि शांतिपूर्ण माहौल बनाना हमारा कर्तव्य है ताकि न्याय दिया जा सके।




### सुप्रीम कोर्ट पहुंचा विवाद

कर्नाटक हिजाब विवाद अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट में मामले का जिक्र करते हुए कर्नाटक हाईकोर्ट से केस को सुप्रीम कोर्ट ट्रांसफर करने की मांग की है। वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अभी इस मामले में दखल देना ठीक नहीं होगा, हाईकोर्ट को फैसला करने दो। हम आपकी याचिका पर बाद में विचार करेंगे।

### लद्दाख पर बढ़ रहा सैलाब का खतरा: तेजी से पिघल रहे चीन से लगे ग्लेशियर

# झीलें फटीं तो आ सकती है केदारनाथ जैसी तबाही

**लद्दाख ।** लद्दाख क्षेत्र में ग्लेशियर पिघलने से यहां केदारनाथ जैसी तबाही होने का खतरा मंडरा रहा है। ग्लेशियर पिघलने से झीलें फटने का खतरा बढ़ गया है। अगर ऐसा हुआ तो पानी सैलाब की शक्ल ले लेगा। देश के बड़े पर्यटन आकर्षणों में से एक लद्दाख के पैंगोंग क्षेत्र में पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है। चीन के साथ 22 महीने से गतिरोध के चलते चर्चा में रहे इस क्षेत्र में ग्लेशियर बेहद तेजी से पिघल रहे हैं।

यह खुलासा अपनी तरह के पहले वैज्ञानिक अध्ययन से हुआ है, जिसमें पैंगोंग क्षेत्र के 87 ग्लेशियरों में 1990 के बाद से आई कमी का सैटेलाइट डेटा से अध्ययन किया गया। ट्रांस-हिमालय लद्दाख के पैंगोंग क्षेत्र में भारतीय सीमा में आने वाले इन ग्लेशियरों का अध्ययन कश्मीर विश्वविद्यालय के जियोइनफार्मेटिक्स विभाग ने किया।वैज्ञानिकों के मुताबिक ग्लेशियरों के सिकुड़ने की दर सालाना 0.23: है। 30 वर्षों में ये 6.7: सिकुड़ चुके हैं। शोध सदस्य डॉ. इरफान राशिद के मुताबिक इन झीलों के फटने का खतरा बढ़ गया है। चिंता इसलिए ज्यादा है कि यह क्षेत्र भूकंप की दृष्टि से भी संवेदनशील है। उन्होंने कहा, ष्लेशियर अधिक पिघलेंगे, तो इन हिमनदों की झीलें फटेंगी। अगर यह झीलें फूटीं तो पानी सैलाब की शक्ल में तेजी से बहेगा। इससे आसपास के गांव खतरे में पड़ सकते हैं। उत्तराखंड की त्रासदी की तरह सैलाब, रास्ते में हर चीज को बहा ले जा सकता है। यह शोध जर्नल फ्रंटियर्स इन अर्थ साइंस में प्रकाशित हुआ है। ग्लेशियरों से सिर्फ 6 किमी दूर हो रहे निर्माण डॉ. रशीद ने कहा कि कहा कि ग्लेशियरों के पिघलने से लद्दाख क्षेत्र में गंभीर परिणाम होंगे। पैंगोंग झील के पास बुनियादी ढांचे के निर्माण हो रहे हैं, जो इन ग्लेशियरों से सिर्फ 6 किलोमीटर की दूरी पर हैं। पैंगोंग झील के पास अगर और इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया गया तो ग्लेशियर और कम होंगे। वनस्पति भी प्रभावित होगी। मिट्टी में नमी कम रहेगी। कृषि गतिविधियां प्रभावित होंगी। उन्होंने कहा कि चीन की सीमा में स्थित ग्लेशियर की भी रिसर्च जरूरी है।



### 12000 ग्लेशियर हैं जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में

अर्थ साइंस एक्सपर्ट प्रोफेसर शकील अहमद रोमशू के मुताबिक जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में 12,000 ग्लेशियर हैं, जो 200 हिमनद झीलों का निर्माण करते हैं। पूरे हिमालयी क्षेत्र में 2000 हिमनद झीलें हैं, जिनमें से 200 में पानी ब ?ने के बाद फटने का खतरा है। वनस्पतिशास्त्री अख्तर मलिक ने कहा कि पैंगोंग झील का 45 किमी हिस्सा भारतीय नियंत्रण में है।

## थाने से प्रेमी को ले गई दुल्हन, रिश्तेदारों ने घेरा तो बनी ढाल

कांकेर। शादी के बाद प्रेमी के साथ फरार हुई दुल्हन की फिल्मों जैसी प्रेम कहानी का क्लाइमेक्स भी फिल्मी ही रहा। छत्तीसगढ़ के कांकेर की इस घटना में पुलिस ने दुल्हन और उसके प्रेमी को पकड़ने के बाद ल?के के खिलाफ मामला दर्ज किया, लेकिन एक दिन बाद पुलिस ने प्रेमी को छो?ा तो दूल्हा अपने रिश्तेदारों को लेकर थाने पहुंच गया। लड़की वाले भी आ गए। रिश्तेदारों ने प्रेमी को बाहर ही घेर लिया। अब बारी दुल्हन की थी, जो अपने प्रेमी की ढाल बन गई। उसने दूल्हे को मंगलसूत्र लौटा दिया। आखिरकार सब मान गए। इसके बाद युवती अपने प्रेमी के साथ ही थाने से रवाना हुई। अब जल्द ही दोनों शादी करेंगे।दरअसल, दंतेवा?ा निवासी आरती सहारे और बस्तर के बकावंड निवासी विकास गुप्ता के बीच लंबे समय से प्रेम-प्रसंग चल रहा है, लेकिन परिजन शादी के लिए तैयार नहीं थे। उन्होंने आरती की शादी महाराष्ट्र के एक युवक से तय कर दी। दोनों की शादी 6 फरवरी को हुई।

### अमोल पालेकर की तबीयत खराब

# पुणे के दीनानाथ मंगेशकर हॉस्पिटल में एडमिट हैं अभिनेता

**पुणे।** अभिनेता और फिल्म निर्देशक अमोल पालेकर की तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें पुणे के दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती किया गया है। उनकी पत्नी संध्या गोखले ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि अमोल पालेकर की तबीयत को लेकर चिंता करने की कोई बात नहीं है। वो अब ठीक हो रहे हैं और पहले से उनका स्वास्थ्य काफी बेहतर है।पुरानी बिमारी के चलते हॉस्पिटल में हुए एडमिट

अमोल पालेकर की पत्नी ने कहा कि अनोल पालेकर को उनकी पुरानी बीमारी के इलाज के लिए उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया है। 10 साल पहले भी उन्हें इसी बीमारी के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालांकि, अब उनके स्वास्थ्य में पहले से काफी सुधार हुआ है।70 और 80 के दशक के चर्चित अभिनेता हैं पालेकरअभिनेता अमोल पालेकर 70 और 80 के दशक में गोलमाल, घरोंदा, रंग-बिरंगी, श्रीमान श्रीमती, रजनीगंधा, चितचोर, नरम गरम, भूमिका, छोटी सी बात, सावन जैसे कई फिल्मों में अपने किरदार से लोगों में अपनी अलग पहचान बनाई है।



# सबकुछ अनलॉक पर एमएसटी की सुविधाएं अब भी लॉक

## दो वर्ष से समस्या झेल रहे रोज आने जाने वाले हजारों यात्री, कटनी से सिर्फ तीन ट्रेनों में एमएसटी अलाउ



**कटनी।** कोरोना का भय अब लगभग समाप्त होता जा रहा है स्कूल खुल चुके हैं। शादियों से मेहमानों की पाबंदियां हटा दी गई हैं। लोगों के चेहरों से मास्क भी गायब हो रहे हैं। प्रशासनिक सख्ती भी समाप्त हो चुकी है लेकिन इन सब के बीच कुछ शुरू नहीं हो सका तो वह था सभी ट्रेनों में एमएसटी। जो लोग इस शब्द को पहचानते हैं उन्हें इसके बारे में बताने की जरूरत नहीं लेकिन जो कम ही इस शब्द को सुने हैं उनके लिए बतातें कि एमएसटी का मतलब होता है मंथली सीजन टिकट। रेलवे ने पहले कोविड काल से इसे बंद किया था जो कुछ खास ट्रेनों में शुरू हो चुकीं लेकिन पमरे ने इसे सभी ट्रेनों में शुरू करने की अब तक जरूरत नहीं समझी। एमएसटी को लेकर देश में कई स्थानों पर तो अपडाउनर्स एसोसिएशन ने आंदोलन तक खड़ा कर दिया। लेकिन कटनी में फिलहाल ऐसा कुछ भी नहीं हैं। एमएसटी शुरू नहीं होने से कटनी से 100 किलोमीटर की दूरी तक आने जाने वाले सैकड़ों यात्री परेशान हैं।

### कटनी से 5 हजार से अधिक लोग रोजना करते हैं अपडाउन

आपको बता दें कि कटनी जिले से आसपास जिसमें जबलपुर, सतना, मैहर, दमोह, उमरिया सहित इनके बीच में आने वाले कई छोटे छोटे स्टेशनों में रोजना पांच हजार से अधिक लोग ट्रेने से गंतव्य तक आते जाते हैं। इसमें नौकरी पेशा वाले सबसे ज्यादा उसके बाद छात्र और फिर व्यापारी शामिल हैं। यह संख्या सिर्फ कटनी में रहने वालो की है। इसी तरह दूसरे शहर से कटनी आने वालो की संख्या भी इतनी ही मानी जाए तो मतलब करीब दस हजार लोग प्रतिदिन एमएसटी का उपयोग करते हैं।

### कंसेशन व पास भी बंद

रेलवे ने यात्रा के दौरान वीआईपी और वीवीआई सहित अन्य तरह के लोगों को मिलने वाली छूट से संबंधित सभी तरह की टिकटों पर रोक लगा दी है। रेलवे कर्मचारियों का पास और कैंसर पीड़ितों को सफर में दी जाने वाली छूट ही जारी है।

### मात्र तीन ट्रेनों में एमएसटी की सुविधा वह भी एक्सप्रेस ट्रेन में

आपको सुन कर जरूर झटका लगेगा जबलपुर रेल मंडल ने एमएसटी की सुविधा केवल तीन तरह की ट्रेनों में शुरू की है। इसमें इंटरसिटी शटल मेमू ट्रेन शामिल हैं। बाकी किसी भी एक्सप्रेस ट्रेन में एमएसटी की सुविधा नहीं है। इन तीन ट्रेनों के समय के मुताबिक ही अगर यात्रियों को आवागमन करना है तो ठीक वरना किसी भी अन्य ट्रेन में वह यात्रा नहीं कर सकते। खास बात यह है कि इन तीन तरह की ट्रेनों की एमएसटी भी एक्सप्रेस ट्रेन की एमएसटी ही मान्य है। फिलहाल पेसेंजर ट्रेन की एमएसटी बनना शुरू नहीं हुई है। इसे विडंबना ही कहें कि मेमू शटल जैसी ट्रेन जो लगभग हर स्टेशन पर रूकतीं है इनमें भी एमएसटी एक्सप्रेस की लग रही है। यहां आपको बताना जरूरी है कि है पैसेंजर ट्रेन और एक्सप्रेस ट्रेन की एमएसटी में दुगने पैसे का अंतर है मतलब अगर किसी स्टेशन की एमएसटी 100 रूपए में बनती है तो वह एक्सप्रेस ट्रेन की एमएसटी के रूप में 200 रूपए में बनेगी। साफ तौर पर इसे रेलवे की बेवजह जैसी वसूली कहें तो अतिश्योक्ति नहीं।

### रिजर्व कोच में यात्रा की नहीं अनुमति

तीन ट्रेनों में एमएसटी शुरू की गई लेकिन इसकी भी शर्तें ऐसी हैं कि बेचारे यात्री अब तक यह समझ ही नहीं पाये कि वह एमएसटी लेकिर किस बोगी में चढ़ें यात्रा के लिए यात्रियों को रेलवे द्वारा जारी की गई कुछ शर्तों का पालन भी करना किया जाना जरूरी है जिसमें एमएसटी से यात्री ट्रेनों में तय किए गए कोच में ही यात्रा कर सकेंगे, लेकिन कोई भी यात्री रिजर्व कोच में यात्रा नहीं कर सकेंगा। इसके लिए एमएसटी बनाते समय रेलवे अधिकारी टिकट पर नॉट परमिटेट टू ट्रैवल इन रिजर्व कोच की सील भी लगाई है यह एमएसटी केवल पमरे रेलवे के अंतर्गत आने वाले स्टेशनों के लिए ही वैध होंगी। यात्रा के दौरान यात्रियों को कोविड गाइडलाइन का पालन भी करना होगा। यदि कोई यात्री तय किए गए कोच के अलावा अन्य कोच में यात्रा करते पाया जाएगा तो उसे बिना टिकट मनाते हुए जुर्माना वसूल किया जाएगा। लगभग दो वर्ष का समय बीत चुका है एमएसटी धारक यात्रियों को अब तक रेलवे की तरफ से जो सुविधा मिलती थी वह नहीं मिल पाईं। हर तरफ पाबंदी हटने की खबर है लेकिन एमएसटी पर पाबंदी जारी है।

### जनरल कोच बन गए रिजर्व, कहां बैठें यात्री



नियमित सफर करने वालों को इस एमएसटी से लाभ के तौर किराए में 80 से 85 फीसदी तक का फायदा मिल रहा था। धीरे-धीरे ट्रेनें शुरू हो गई लेकिन एमएसटी की सुविधा शुरू नहीं की गई है। इससे एमएसटी होने के बाद भी दैनिक यात्रियों को महंगी टिकट लेकर यात्रा करनी पड़ रही है। लोगों का कहना है कि सभीएक्सप्रेस ट्रेनों में जब तक एमएसटी को अलाउ नहीं किया जाता इससे कोई लाभ नहीं मिलेगा। इसलिए वे चाहते हैं कि जो एक्सप्रेस ट्रेनें चल रही है उनमें एमएसटी का उपयोग करने दिया जाए। रेलवे बोर्ड की ओर से एमएसटी के संबंध में कोई दिशा निर्देश जारी नहीं किए गए है। कोरोना संक्रमण की वजह से सभी एक्सप्रेस ट्रेनों को स्पेशल का दर्जा देकर चलाया जा रहा है। उन ट्रेनों में जनरल कोच के लिए रिजर्वेशन टिकट लग रहा है। जनरल कोच को डी 1, डी 2, डी 3 और डी 4 का नाम दिया गया है। इसके लिए जारी होने वाली टिकट पर बाकायदा बर्थ नंबर डला होता है। ऐसे में एमएसटी धारकों को छूट देना संभव नहीं हो पा रहा है। क्योंकि जो एमएसटी बनती है उसमें यात्री को किराए में भारी छूट मिलती है।

#### क्या है रेलवे एमएसटी पास

मासिक सीजन टिकट यानी एमएसटी सुविधा के तहत यात्रियों को रियायती दरों पर सीजनल टिकट जारी किए जाते हैं। एमएसटी पास वाले यात्रियों को अनरिजर्व कोच में यात्रा करने की सुविधा मिलती है। रेलवे एक महीने या तीन महीने की अवधि के लिए ये टिकट जारी करता है। बच्चों का सीजन टिकट किराया वयस्कों के किराये से आधा होता है। आम तौर पर कार्यस्थल या अध्ययन स्थल से निवास के बीच रेलवे की रोजाना यात्रा के लिए लोग एमएसटी पास बनवाते हैं। कटनी से सबसे ज्यादा जबलपुर के लिए एमएसटी बनती हैं इसके बाद सिहोरा, मैहर सतना उमरिया दमोह का नंबर आता है ।

**दुनिया के मीडिया में छाया कटनी का वीडियो**



# मासूम बच्चों को अपनी गिरफ्त में ले रहा नशा, वायरल वीडियो से उठ रहे सवाल

**कटनी।** कटनी जिले में अवैध नशे का कारोबार तेजी से फल फूल रहा है और मासूम बच्चे भी इसकी जद में आ रहे हैं। दूरदराज के गांवों में भी शराब की दुकानें खुली हैं और कम उम्र के बच्चों को भी आसानी से शराब मिल रही है। कटनी से ऐसा ही एक वीडियो सामने आया है जिसमें नशे में धुत बच्चे सड़क पर गिरे पड़े हैं। नशे के कारोबारी अपने फायदे के लिए बचपन को भी तबाह करने पर तुले हैं और पुलिस उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रही। सोशल मीडिया में वायरल हो रहा वीडियो बड़वारा विकासखंड के विलायत कला क्षेत्र का बताया जा रहा है। इसमें स्पष्ट देखा जा सकता है कि कम उम्र के तीन मासूम नशे में मदहोश हैं। इनमें से एक बालक करीब-करीब बेहोशी की अवस्था में जमीन पर गिरा है और उसके साथी उसे उठाकर ले जाने का प्रयास कर रहे हैं। वीडियो देखने से लग रहा है कि तीनों ने पी रखी है। जानकारी के मुताबिक वीडियो में दिख रहे तीनों बच्चे प्राइमरी स्कूल में पढ़ते हैं। स्कूल के नजदीक बच्चों को इस हालत में देख किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनका वीडियो अपने मोबाइल कैमरे पर कैद कर सोशल मीडिया पर शेयर कर दिया। लेकिन क्षेत्रीय विधायक और शिक्षक भी मानते हैं कि क्षेत्र में नशे का कारोबार जमकर चल रहा है। इससे एक बात तो जाहिर है कि शराब माफिया के हौसले बुलंद हैं। वह अपने फायदे के लिए मासूम बचपन को भी तबाह करने पर तुला हुआ है। पुलिस कार्यवाही करने पर नाकाम सिद्ध हो रही है ।

### बच्चे बन रहे निशाना

कटनी में नशा का करोबार नाबालिगों को अपना निशाना बना रहा है। शहर की कई पिछड़ी घनी बस्तियों में बच्चों को नशा के आगोश में देखा जा सकता है। पंचर बनाने वाले साल्यूशन से लेकर दवाओं काा ओव्हर डोज और तो और गांजा मुनक्का भांग के बाद अब स्मैक की गिरफ्त में भी बड़ी संख्या में बच्चे आ रहे हैं। यह चित्र अभी भी लोगों को कुछ दिन याद रहेगा फिर इसे लेकर प्रशासन भी सक्रिय होगा लेकिन कुछ दिन बाद हालात ज्यों के त्यों हो जाएंगे।

# समर्पण निधि संग्रह अभियान सर्वव्यापी हो-संजय

## बूथ स्तर के प्रत्येक छोटे से छोटे कार्यकर्ता की भागीदारी बने, शहडोल व उमरिया जिले में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक









**शहडोल/उमरिया।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि से 11 फरवरी से भाजपा का अपने कार्यकर्ताओं के बीच समर्पण निधि संग्रह अभियान शुरू हो रहा है इस संबंध में कटनी, शहडोल, उमरिया जिलों के कार्यक्रम प्रभारी पूर्व मंत्री विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक ने शहडोल एवम उमरिया जिले में भाजपा पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की जिसमें उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम के तहत पार्टी संगठन को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए कार्यकर्ताओं से समर्पण निधि का संग्रह किया जाना है ।

### शहडोल जिले की बैठक

उप्र के मथुरा में चुनाव प्रचार से लोटते ही आज सर्वप्रथम शहडोल में बैठक ली जिसमें समर्पण निधि संग्रह अभियान की जिला समिति सदस्यों के साथ जिला पदाधिकारियों जनप्रतिनिधों मंडल अध्यक्षगण व कार्यकर्ता उपस्थित थे बैठक में संगठन के जिला प्रभारी पीताम्बर टोपनानी, भाजपा जिलाध्यक्ष कमल प्रताप सिंह, भाजपा की प्रदेश मंत्री जैतपुर विधायक श्रीमति मनीषा सिंह, व्योहारी विधायक शरद कोल, जिला महामंत्री संतोष लोहानी ने कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन को लेकर अपने विचार व्यक्त किए ।बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री संजय पाठक ने कहा कि आज देश में भाजपा पार्टी के पितृ पुरुष स्व. कुशाभाऊ ठाकरे की जन्मशताब्दी वर्ष मना रही है। हम सभी को भरपूर समर्पण करके इस लक्ष्य को पाना है। शहडोल हमेशा इस पार्टी के संगठन की समर्पण निधि जुटाने में सबसे आगे रहा है। जिले के सभी विधायक-सांसद और स्थानीय शासन जनप्रतिनिधि को भी समर्पण निधि अभियान में मदद करनी होगी। सभी कार्यकर्ता इस कार्य में जुट जाएं मैं उम्मीद करता हूं इस वर्ष भी जिला समय से पहले निधि संग्रह का लक्ष्य प्राप्त करेगा। जिलाध्यक्ष कमल प्रताप सिंह ने कार्यकर्ताओं को बताया कि संगठन की तरफसे शहडोल जिले को 1 करोड़ 50 लाख रुपये की राशि समर्पण निधि के तौर पर जुटाने का लक्ष्य दिया गया है।जिसे जिला व बूथ स्तर के कार्यकर्ता स्वेच्छा से निधि का समर्पण करेंगे। बैठक में लक्ष्य की प्राप्ति को लेकर रणनीति बनाई गई। जिला प्रभारी श्री पीताम्बर टोपनानी ने कहा की समर्पण निधि के माध्यम से पार्टी का लक्ष्य हर बूथ तक पहुंचने का है। यहां छोटी से छोटी राशि भी एकत्र की जाएगी। इस राशि की एफडी बनाई जाएगी और उसके ब्याज से संगठनात्मक कामों में खर्च होने वाले खर्च की व्यवस्था की जाएगी।

### जिला उमरिया की बैठक

जिला उमरिया में भी समर्पण निधि संग्रह अभियान की कामकाजी बैठक में जिले के प्रभारी विधायक श्री संजय सत्येन्द्र पाठक सम्मलित हुए उन्होंने समर्पण निधि संग्रह की कार्यकर्ताओं को जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है जिसका संचालन कार्यकर्ता के आर्थिक सहयोग से होता है दूसरी पार्टियों की तरह किसी भी व्यक्ति विशेषए पूंजीपतिए प्राइवेट लिमिटेड का पार्टी संगठन पर एकाधिकार नहीं हो यह एक ऐसी व्यवस्था है। इसलिए इसमें प्रत्येक कार्यकर्ता का अंश लगना चाहिए सभी वर्तमान एवम पूर्व के जनप्रतिनिधियों को भी इस अभियान में अधिक से अधिक सहयोग करना चाहिए क्योंकि उनकी उपलब्धि व विजय में पार्टी का महत्वपूर्ण योगदान होता है बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष दिलीप पांडे ने बताया कि जिले को 1 करोड़ 50 लाख रुपये की राशि समर्पण निधि के तौर पर जुटाने का लक्ष्य दिया गया है। जिसे हम बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं के सहयोग से प्राप्त करेंगे । मप्र पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष विनोद गोटिया ने अपने उदबोधन में कहा भाजपा के पितृ पुरूष, संगठन शिल्पी स्व. कुशाभाऊ ठाकरे के जन्म शताब्दी वर्ष में समर्पण निधि संग्रह अभियान चलाया जाएगा। इसकी शुरूआत 11 फरवरी को महाअभियान के रूप में होगी।उन्होंने कहा कि ठाकरेजी की स्मृति में इस बार अभियान को समर्पण निधि का नाम दिया गया है। इसमें 100,500से लेकर 10000 रूपए एवं इससे अधिक राशि प्राप्त कर कूपन प्रदान किए जाएंगे।

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज




रोजाना 3 शो ता. 11 से 12.30, 3.30 एवं सायं 6.30 बजे से
खिलाड़ी
कलाकार- रवि तेजा, मीनाक्षी चौधरी, सचिन खेड़ेकर, मुकेश ऋषि आदि।

### सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड क्रमांक 404623424098 में मेरा नाम शारदा कहार अंकित है जबकि मेरे पेन कार्ड क्रमांक BEPPD062A में मेरा नाम शारदा देवी लिखा हुआ है। शारदा कहार एवं शारदा देवी यह दोनों नाम मेरे ही है किसी अन्य व्यक्ति के नहीं। मेरा नाम समस्त शासकीय दस्तावेजों में शारदा देवी के स्थान पर शारदा कहार लिखा एवं पढ़ा जावे। अतः सूचना सर्वसाधारण है।

**शारदा कहार पिता श्री दयादीन**
निवासी विक्रम स्कूल के पास विवेकानंद वार्ड तहसील व जिला कटनी (म.प्र.)

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 3 शो ता. 11 से 1,4 एवं सायं 7 बजे से





बधाई दो
कलाकार- राजकुमार राव, भूमि पेडनेकर शीबा चड्डा, हनी यादव आदि।

# भोपाल में पकड़े लुटेरों ने कटनी में भी दिया था वारदात को अंजाम



**कटनी।** सतना के रामपुर बाघेलान थाना क्षेत्र के सगौनी बाइपास में युवक की बेदम पिटाई कर पर्स और मोबाइल लूटने वाले 3 बदमाश कटनी, सागर, रायसेन और इंदौर में वारदात करने के बाद भोपाल में मेकअप आर्टिस्ट का पर्स छीनने के कुछ घंटे बाद ही पकड़ लिए गए। गौरतलब है कि 31 जनवरी को रात करीब डेढ़ बजे बाइक सवार युवक घर जा रहा था, तब सगौनी बाइपास में अपाचि बाइक पर आए 4 बदमाशों ने रास्ता रोककर उसकी बेदम पिटाई कर दी और पर्स व मोबाइल छीनकर भाग निकले। पर्स में 8 सौ रुपए नकदी के साथ आधार कार्ड भी था। बुरी तरह घायल युवक को रात में पुलिस ने संजय गांधी अस्पताल भेज दिया था, जहां 4 दिन बाद होश आने पर घटनाक्रम पता चला, मगर आरोपियों का कोई सुराग नहीं मिला। और तभी राजधानी से आई खबर रामपुर पुलिस बदमाशों की खोज में हाथ-पांव मार ही रही थी कि 5 फरवरी को भोपाल के हबीबगंज थाने से खबर आई कि 4 तारीख को दोपहर करीब डेढ़ बजे बिट्टल मार्केट की तरफ पैदल जा रही मेकअप आर्टिस्ट तंजीम मंसूरी निवासी चार इमली गर्ल्स हास्टल्स का पर्स लाल रंग की बाइक पर पीछे से आए 4 बदमाश छीनकर भाग निकले, जिसकी शिकायत पीड़िता ने तुरंत थाने में की। अब सवाल यह है कि कटनी में इन बदमाशों ने कौन कौन सी वारदात को अंजाम दिया पुलिस इनसे पूछताछ कर रही है। भोपाल पुलिस ने कटनी पुलिस से भी संपर्क किया है।

नीरज सिनेप्लेक्स में




ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 3 शो ता. 11 से 12,3 एवं सायं 6 बजे से
खिलाड़ी
(हिन्दी में)
कलाकार- रवि तेजा, मीनाक्षी चौधरी, सचिन खेड़ेकर, मुकेश ऋषि आदि।
टिकट दर- बॉक्स- 120/-, बालकनी क्लास-100/- अपर क्लास-80/-, लोवर क्लास -60/-

# सुबह से नहीं हुए सूर्य देवता के दर्शन




**कटनी।** फरवरी में ठंड का सितम थमने का नाम नहीं ले रहा। मध्य प्रदेश और उसके आसपास बने सिस्टम के कारण मौसम का मिजाज एक बार फिर बिगड़ने लगा है। कटनी में इसकी झलक भी सुबह से दिखी। बादलों की ओट से सूरज के दर्शन कभी होते तो कभी दिन में कोहरे जैसी स्थिति बन जाती। हालांकि ठंड से राहत मिली लेकिन पूरे जिले में रह रह कर बूंदाबांदी तथा हवा में ठंडक होने से लोग ठिठुरते भी दिखे। जानकारों का मानना है कि फरवरी में ऐसा मौसम तो पहले भी दिखा था लेकिन ठंड का कहर इतना नहीं नजर आया। बताया गया कि एक विक्षोभ की वजह से प्रदेश के कई हिस्सों में मंगलवार से बादल छाने का सिलसिला शुरू हो गया था जिसे देखते हुए मौसम विज्ञानियों ने मंगलवार को कहीं-कहीं बारिश होने की आशंका जताई थी। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि कई संभागों में मौसम का मिजाज तीन से चार दिन तक बिगड़ा रह सकता है। वहीं, कटनी जिले में मंगलवार को अधिकतम तापमान भी बढ़ा दक्षिण-पूर्वी मप्र पर एक ऊपरी हवा का चक्रवात बना हुआ है. जिसके वजह से कर्नाटक तक एक द्रोणिका लाइन बनी हुई है। यही कारण है कि मध्य प्रदेश के मौसम में बदलाव हुआ। कटनी सहित प्रदेश के अधिकांश जिलों में बादल छाने लगे। इस सिस्टम के असर से कटनी जिले में अगले 24 घंटे में बारिश की संभावना जताई जा रही है।। आज दिन भर लोग ठिठुरते दिखे फिर से लोग गर्म कपड़ों की ओट में छिपने पर विवस थे।

आज की खबर अभी, आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

# 370 स्कूलों में बिजली नहीं, पहले चरण में 213 स्कूलों पर फोकस

## गर्मी में परेशान होते थे बच्च एवं शिक्षक, जिला शिक्षा केन्द्र ने जारी की 6 लाख 76 हजार की राशि

**कटनी। जिले की 370 शालाएं ऐसी हैं, जहां आज तक बिजली नहीं पहुंच पाई है। बिजली का इंतजाम नहीं होने की वजह से बच्चों के साथ ही शिक्षकों और स्टाफ को गर्मी के मौसम में कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता था। अब राज्य शिक्षा केन्द्र ने विद्युतविहीन शालाओं में बिजली कनेक्शन के लिए राशि जारी की है। 6 लाख 74 हजार की राशि से इन स्कूलों में बिजली पहुंचाई जा रही है।**

प्राप्त जानकारी के मुताबिक जिले के आधा दर्जन विकासखंडों में 370 ऐसे स्कूल हैं, जहां बिजली नहीं थी। बिजली नहीं होने की वजह से गर्मी के मौसम में स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता था। एक अप्रैल से जब नया शैक्षिणक सत्र शुरू होता था, उस समय तापमान करीब 40 डिग्री होता है, ऐसी स्थिति में स्कूलों में आने वाले बच्चों के साथ ही भी भीषण गर्मी का सामना करना पड़ता था। जिला शिक्षा केन्द्र द्वारा इन स्कूलों में बिजली का इंतजाम करने के लिए पिछले काफी समय से प्रयास किए जा रहे थे। जिसमे विभाग को सफलता मिली है। जानकारी के मुताबिक राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा जिले की 370 में से 213 स्कूलों में बिजली का प्रबंध करने के लिए 6 लाख 74 हजार 461 रूपए की राशि जारी की गई है। जिला शिक्षा केन्द्र के जिला परियोजना समन्वयक के के डेहरिया ने बताया कि इन 213 स्कूलों में से दो स्कूलों प्राथमिक शाला झिरिया तहसील ढीमरखेड़ा में 75 हजार एवं प्राथमिक शाला सलैया फाटक तहसील बहोरीबंद के लिए 38 हजार 387 रूपए की राशि जारी की गई है। यहां मीटर कनेक्शन के साथ ही अन्य कार्य कराए जाएंगे। बाकी 211 स्कूलों के लिए 2650 रूपए प्रति स्कूल के मान से मीटर कनेक्शन के लिए सिक्योरिटी राशि एवं बिजली मीटर लगाए जाएंगे। इन स्कूलों में मीटर लगने के बाद आने वाली गर्मी के मौसम में बच्चों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। बताया जाता है कि पहले चरण में 213 स्कूलों में विद्युतीकरण के बाद 157 शालाओं में विद्युतीकरण की योजना तैयार करते हुए मीटर कनेक्शन के साथ ही अन्य कार्य कराए जाएंगे।

**यश भारत खास खबर**

**211 स्कूलों में लगेंगे बिजली मीटर, दूसरे चरण में शेष 157 स्कूलों में बिजली पहुंचाने के लिए किए जाएंगे प्रयास**



### 10 दिन में कार्य पूर्ण कराएगा विद्युत विभाग

डीपीसी के के डेहरिया ने बताया कि राज्य शिक्षा केन्द्र से प्राप्त राशि से 213 स्कूलों में बिजली के मीटर लगेंगे। इसके लिए विद्युत विभाग को राशि जारी करते हुए 10 दिन में काम कराने के लिए कहा गया है। अगले चरण में शेष स्कूलों में काम कराया जाएगा।

### इनका कहना है

जिले के आधा दर्जन विकासखंडों के अंतर्गत 370 स्कूल विद्युतविहीन है। इन स्कूलों में बिजली का प्रबंध करने के लगातार प्रयास किए जा रहे थे। जिसको लेकर राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा 213 स्कूलों में बिजली कनेक्शन सहित अन्य कार्यों के लिए राशि जारी की गई है। 213 स्कूलों के लिए 6 लाख 74 हजार 461 रूपए की राशि विद्युत विभाग को जारी की गई है। इस राशि से दो स्कूलों में स्ट्रक्चर के साथ ही बाकी 211 स्कूलों में बिजली मीटर कनेक्शन कराए जाएंगे।

**-के के डेहरिया, डीपीसी**



# युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने मिली ट्रेनिंग

### श्रमधाम कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



**विजयराघवगढ़।** आत्मनिर्भर भारत युवाओं का उन्मुखीकरण कार्यक्रम के अंतर्गत युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से श्रमधाम कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें प्रशिक्षक वेद प्रकाश परौहा एवं दीपभान चौबे द्वारा युवाओं को आत्मनिर्भर भारत हेतु पूर्ण प्रशिक्षण दिया गया। युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु नेहरू युवा केन्द्र द्वारा आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संतोष तिवारी क्रीड़ा अधिकारी श्रमधाम महाविद्यालय एवं महाविद्यालय के सभी शिक्षको की उपस्थिति रही। उक्त अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक आदित्य दुबे एवं महक बड़गैया के साथ नगर के समस्त युवा साथी उपस्थित रहे।

# पॉजीटिव होने के बाद भी परीक्षा दे पाएंगे छात्र

### सरकार का निर्णय, अलग से बनाया जाएगा आईसोलेशन रूम

**कटनी।** मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल एमपी बोर्डकी 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा में अब कोरोना संक्रमित विद्यार्थी भी शामिल हो पाएंगे। राज्य सरकार ने यह निर्णय लेते हुए आदेश जारी कर दिए हैं। सरकार के इन निर्देशों के बाद उन छात्रों को बड़ी राहत मिली है, जिन्हें संक्रमित होने के बाद परीक्षा को लेकर डर बना हुआ था। ऐसे छात्रों के लिए परीक्षा केंद्र में अलग से आइसोलेशन रूम बनाया जाएगा, जहां छात्र बैठकर परीक्षा दे पाएंगे। अपनी बीमारी की जानकारी छात्र को एमपी बोर्ड को पूर्व में ही देनी होगी। यह निर्णय मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड मीटिंग में मंगलवार को लिया गया। बताया जाता है कि देश में 17 फरवरी से बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो रही है। 12वीं की परीक्षा 17 फरवरी से शुरू होकर 12 मार्च तक चलेगी। वहीं 10वीं के पेपर 18 फरवरी से शुरू होकर 10 मार्च तक चलेंगे, इसमे जिले में 30 हजार 545 लाख छात्र शामिल होंगे।

### दृष्टिहीन, मानसिक विकलांग छात्रों को भी राहत

मंडल ने परीक्षा के दौरान दिव्यांग या घायल छात्रों को भी कई तरह से राहत देने का निर्णय लिया है। दृष्टिहीन, मानसिक विकलांग एवं हाथ की हड्डी टूट जाने अथवा हाथ की खराबी के कारण लिखने में असमर्थ छात्र लिखने के लिए किसी की मदद ले सकते हैं। उन्हें विषय चयन, अतिरिक्त समय, परीक्षा शुल्क से छूट, कम्प्यूटर या टाइप राइटर चयन की सुविधा दी जाएगी।

# सांई मंदिर की चतुर्थ वर्षगांठ पर अभिषेक पूजन एवं भंडारा

### रीठी कॉलेज सांई मंदिर की वर्षगांठ 12 को

**कटनी।** राजीव गांधी कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय रीठी स्थित साईं सिद्ध मंदिर मंदिर की चतुर्थ वर्षगांठ इस वर्ष भी धूमधाम के साथ मनाई जा रही है। आगमी 12 फरवरी को कॉलेज केम्पस स्थित मंरि में अभिषेक पूजनऔर भंडारे का आयोजन किया गया है। इस वर्ष 3 फरवरी गुरुवार से साईं सिद्ध मंदिर केम्पस में निःशुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन शुरू हुआ है, जो हर गुरुवार को मंदिर केम्पस में लगेगा। प्रति गुरुवार मंदिर में जाने-माने डॉक्टरों का दल उपस्थित रहेगा। महाआरती और भंडारे के साथ लोगों को निःशुल्क चिकित्सा और दवाइयां देने का जो संकल्प लिया है, उसे हर संभव पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। इस बार स्थापना दिवस पर भव्य आयोजन किया जा रहा है। राजीव गांधी कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र राजपूत एवं उपप्राचार्य डॉ. मनोज खरे ने सभी श्रद्धालुओं से इस पुनीत धार्मिक आयोजन में पहुंचकर पुण्यलाभ अर्जित करने का आग्रह किया है।

# 16 मार्च से शुरू होगी 9वीं-11वीं की परीक्षा

**स्कूल शिक्षा विभाग ने जारी किया टाइम टेबिल**

कटनी। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षिक सत्र 2021-22 की कक्षा 9वीं और 11वीं की वार्षिक परीक्षा का टाइम टेबल जारी कर दिया गया है। जिले की सभी शासकीय हाई और हायर सेकेंडरी विद्यालयों में कक्षा 9वीं और 11वीं की परीक्षा सुबह 8:30 से 11:30 के बीच आयोजित की जाएगी। कक्षा नौवीं की परीक्षा 16 मार्च से 12 अप्रैल और कक्षा 11वीं की परीक्षा 15 मार्च से 13 अप्रैल तक आयोजित की जाएगी। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा परीक्षाओं के संचालन के संबंध में सभी संभागीय संयुक्त संचालक, जिला शिक्षा अधिकारी और विद्यालयों के प्राचार्य को दिशा.निर्देश जारी किए गए हैं। सभी विद्यालयों में प्रश्न पत्र राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा परिषद द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से उपलब्ध कराए जाएंगे परीक्षा केंद्र पर सभी परीक्षार्थियों को सुबह 8 बजे उपस्थित होना अनिवार्य होगा। परीक्षा कक्ष में सुबह 8:15 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षा केंद्र पर सभी परीक्षार्थियों को कोविड-19 सुरक्षा संबंधी नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा। परीक्षा शुरू होने के 10 मिनट पहले छात्रों को उत्तर पुस्तिका और 5 मिनट पहले प्रश्न पत्र दिए जाएंगे। सभी श्रेणी के दिव्यांग विद्यार्थियों को 20 मिनट प्रति घंटे के हिसाब से अतिरिक्त समय और लेखक की सुविधा प्रदान की जाएगी।

# रन फॉर कटनी का आयोजन 20 फरवरी को

### कोरोना वारियर्स एवं सामाजिक कार्यकर्ता होंगे सम्मानित




**कटनी।** भागदौड़ भरी इस जिन्दगी में लोग न तो अपने खानपान पर ध्यान दे पा रहे हैं और न ही फिटनेस पर। यही कारण है कि कम उम्र में ही लोगों को कई तरह की बीमारियां घेर लेती है। लोगों को फिटनेस के प्रति जागरूक करने की दिशा में एडव्होकेट मौसूफ अहमद बिट्टू द्वारा पिछले कई सालों से रन फॉर कटनी का आयोजन किया जा रहा है, जिससे लोग अपने खानपान और फिटनेस के प्रति जागरूक होकर बीमारियों से दूर रहें। एडव्होकेट मौसूफ अहमद बिट्टू ने बताया कि रन फॉर कटनी का यह आयोजन इस बार 20 फरवरी रविवार को सुबह 7 बजे आयोजित किया जा रहा है। आयोजन की तैयारियां वृहद रूप से की जा रही है, इसमे जिला एथलेक्टिस एसोसिएशन के साथ ही सभी वर्गों और सामाजिक संगठनों द्वारा सहयोग प्रदान किया जा रहा है। फिट इंडिया-फिट कटनी और गो कोरोना गो की थीम पर आयोजित रन फॉर कटनी के समापन अवसर पर कोरोना वारियर्स एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया जाएगा।

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

## आम सूचना

सूचित किया जाता है कि गाड़ी क्रं. MP43CA5677 बुलेरो चेचिस क्रं. F5k25970 और MP21DAO 318 JCB/3D x2WD चेचिस क्रं. HAR3DXSST01897054 है। ये गाड़ी बुलेरो और JCB वर्तमान में नाम स्व. रामकुंवर गुप्ता [LT. RAM KUNWAR GUPTA] के नाम पर RTO कार्यालय कटनी में रजिस्टर्ड है। जिनको अब उनके स्वर्गवासी हो जाने के कारण अब उनके पुत्र धर्मेन्द्र कुमार गुप्ता पिता स्व. राजाराम गुप्ता के नाम किया जाना है। जिनका पता बाल गंगाधर तिलक वार्ड नं. 1 होटल राजपैलेस गहोई कॉलोनी नं. 1 के पास कटनी (म.प्र.) है। किसी भी व्यक्ति या परिजनों को आपत्ति हो तो सात दिवस के भीतर अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय कटनी (RTO) ऑफिस में आकर के संपर्क करें नहीं तो एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

**अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी**
**कटनी (म.प्र.)**

**किराये से देना है**

**सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति**
**सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति**
**पता- बीजेपी कार्यालय के सामने**
**जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)**
**मो. 8109417340**

## कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला कटनी (म0प्र0)

पत्र क्रमांक **329** खनिज/2021 कटनी, दिनांक **-31/01/2022**

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18 (1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने के लिए.

**द्वितीय सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक मेसर्स/श्री/श्रीमति पुष्पलता तिवारी निवासी मित्तल इन्क्लेव प्लाट नं. 160 जिला कटनी (नाम एवं पता) द्वारा उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 09.02.2021 को प्रस्तुत किया गया है। इस क्षेत्र पर आवेदन प्रस्तुत करने हेतु प्रथम सूचना क्रमांक 991 दिनांक 26.02.2021 प्रकाशित की गई थी। इस क्षेत्र पर पुनः विज्ञापन प्रकाशित होने से 15 दिवस तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकवा | भूमि का प्रकार शासकीय/निजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कटनी | कटनी | बंडा | 624 | 4.160 | शासकीय भूमि | मुरूम | |
| | | | कुल रकबा | 4.160 | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 5:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक प्रथम सूचना से प्राप्त आवेदन को शामिल करते हुए 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम,1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यह प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नही होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नही लिया जाएगा।

जी-22375/22

प्रभारी अधिकारी
(खनिज शाखा) जिला कटनी

## राष्ट्रीय स्वसस्थ्य मिशन

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, संभाग-जबलपुर**
**द्वितीय तल सतपुडा भवन भोपाल**
भोपाल(म0प्र0)462003

नि.आं.सू.क्रं-06/2021-22/577 भोपाल दिनांक2/2/22

**//निविदा आमंत्रण अल्प सूचना//**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संभाग-जबलपुर की ओर से निम्नलिखित जिलों में विभिन्न उपस्वास्थ्य केन्द्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवनो के निर्माण कार्य हेतु निविदा पोर्टल ऑनलाईन( निविदा ई-टेण्डरिंग के माध्यम )02 लिफाफा एवं 03 लिफाफा पद्धिति से प्रपत्र "अ" फार्म में परसेंटेज बेसिस दरों पर आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. | निविदा क्रमांक 2021_DHS | जिला का नाम | विकासखण्ड का नाम | उपस्वास्थ्य/प्रथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कार्य की संख्या | अनुमानित लागत राशि रू.लाख में |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2022_DHS_182591 | जबलपुर | पनागर एवं सीहोरा | 02 | 75.68 |
| 2 | 2022_DHS_182596 | सिवनी | गोपालगंज | 01 | 37.83 |
| 3 | 2022_DHS_182597 | छिन्दवाडा | पांढूर्ना एवं परासिया | 02 | 75.68 |
| 4 | 2022_DHS_182598 | बालाघाट | बैहर एवं खैरलांजी | 01 | 37.83 |
| 5 | 2022_DHS_182599 | मण्डला | बिछीया | 01 | 37.83 |
| 6 | 2022_DHS_182600 | कटनी | बडवारा एवं विजयराघौगढ एवं ढीमरखेडा | 03 | 113.52 |
| 7 | 2022_DHS_182601 | कटनी | बडवारा | 01 | 164.92 |
| 8 | 2022_DHS_182602 | कटनी | ढीमरखेडा | 01 | 164.92 |
| 9 | 2022_DHS_182603 | मण्डला | मण्डला | 01 | 164.92 |
| 10 | 2022_DHS_182604 | सिवनी | धनौरा | 01 | 164392 |
| 11 | 2022_DHS_182605 | बालाघाट | परसवाडा | 01 | 164.92 |
| 12 | 2022_DHS_182606 | छिन्दवाडा | हरई | 01 | 164.92 |
| 13 | 2022_DHS_182607 | डिण्डोरी | मेहदवानी | 01 | 164.92 |
| 14 | 2022_DHS_182608 | जबलपुर | जिला चिकित्सालय विक्टोरिया जबलपुर | 01 | 104.95 |

उक्त निविदा प्रपत्र दिनांक07.02.2022 प्रातः10.30 से 21.02.2022 समय 17:30 बजे तक ऑनलाईन खरीदे एवं प्रस्तुत किये जा सकते है एवं निविदा सूचना व अन्य विवरण **portal:https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

कार्यपालन यंत्री
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
संभाग-जबलपुर

जी-22436/21

दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी।

## कार्यालय नगरपालिक निगम, कटनी म.प्र.

क्रमांक/8180/ज.प्र.वि./2021.22 **निविदा आमंत्रण सूचना** कटनी, दिनांक 04/02/2021

नगरपालिक निगम कटनी द्वारा निम्नांकित कार्य हेतु ई-टेण्डरिंग व्यवस्था के अंतर्गत ऑनलाईन निविदायें http//www.mptenders.gov.in पर Key Date & Time अनुसार म.प्र. शासन, लोक निर्माण विभाग भोपाल में केन्द्रीयकृत प्रणाली के तहत पंजीकृत ठेकेदारों से प्रतिशत दर पर आमंत्रित की जाती है। समस्त शर्ते व जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में किसी भी कार्यालयीन कार्य दिवस में नगरपालिक निगम, कटनी में एवं पोर्टल https//www.mpetenders.gov.in में देखी जा सकती है।

| क्रं. | कार्य का स्थल | अनुमानित लागत (राशि लाख में) | अमानत राशि (राशि रूपये में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (राशि रूपये में) | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नए फिल्टर प्लांट 20 MLD एवं 22 MLD में स्टोर रूम निर्माण कार्य | 33.50 | 25131 | 5000 | 60 दिवस |

**निविदा का शेड्यूड निम्नानुसार है:-** (1) निविदा प्रपत्र क्रय एवं बिडप्रस्तुत करने की प्रारंभिक तिथि 10.02.2022 को सायंकाल 5.30 बजे से। (2) निविदा प्रपत्र क्रय एवं बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 14.03.2022 को सायंकाल 5.30 बजे तक। (3) बिड खोलने की तिथि 16.03.2022 को दोपहर 1.00 बजे से। (4) निविदा के सभी संशोधन ऑनलाईन अपलोड किये जावेंगे, समाचार पत्रों में नही।

**कार्यापालन यंत्री, वास्ते-आयुक्त, नगरपालिक निगम, कटनी**

**सी. आर. एम.**
**डे केयर क्लीनिक**

**डॉ. एस. के. शर्मा, एमडी (मेडिसिन)**
**वरिष्ठ चिकित्सा एवं छाती रोग विशेषज्ञ**
पूर्व सिविल सर्जन, जिला अस्पताल
कटनी (म.प्र.) मो. 9425158548
सुबह 12 से सायं 4 बजे एवं रात्रि 7 बजे से रात्रि 8 बजे तक (रविवार अवकाश)

**डॉ. अभिषेक शर्मा (एमबीबीएस)**
डिप्लोमा इन कार्डियोलॉजी (पी.जी.डी.सी.सी.) फैलोशिप इन डायबिटिस, हृदय एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ, पूर्व फीजिशियन जिला अस्पताल
कटनी म.प्र. मो. 8826395999
परामर्श समय : सुबह 10:30 बजे से दोपहर 04:30 बजे एवं सायं 06:30 बजे से रात्रि 08:30 बजे तक एवं रविवार प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक

सुविधाएं- ई.सी.जी., टी.एम.टी./ट्रेड मिल टेस्ट, इकोकार्डियोग्राफी, एक्सरसाइज स्ट्रेस इकोकार्डियोग्राफी डोबुटामिन स्ट्रेस इकोकार्डियोग्राफी एवं एक्सरे, पैथोलॉजी, पी.एफ.टी. (फेफड़े की जांच)

पता- डॉ. शर्मा तिराहा, बिहारी सोनी मार्केट, पुरानी बस्ती, आजाद चौक, कटनी, (म.प्र.) फोन- 07622-225824, 8826395999

एम.जी.एम. में अब जनरल सर्जन एवं पेट रोग विशेषज्ञ अब 24 घण्टे उपलब्ध।



Our Specialist
**डॉ.एस.के.सिंह**
M.B.B.S., M.S.
सीनियर जनरल एण्ड लेप्रोस्कोपी सर्जन
पूर्व चिकित्सक-
पोद्दार हॉस्पिटल, कोलकाता।
25 वर्ष का दूरबीन सर्जरी एवं अन्य सर्जरी का अनुभव।

आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत इलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध।
For Appointment call or Visit
OPD Timing - Everyday 10:30AM to 02:30PM & 05:30PM-09:00PM

**एम.जी.एम. HOSPITAL**
कचहरी चौक, फारेस्ट प्ले ग्राउंड के सामने, कटनी (मप्र) 483501
फोन नं: 07622-405070-71-72
Email: info@mgmhospitalkatni.com
Website: www.mgmhospitalkatni.com

## तहसीलदार और पटवारी पर रिश्वत के आरोपों की जांच करेंगे एडीएम

# किसकी अनुमति से कटे पेड़, 7 दिन में दें जानकारी





**कटनी।** कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में 72 लोग अपनी समस्याएं और शिकायत लेकर कलेक्टर के पास पहुंचे। शिकायत में किसी ने सीमांकन के लिए पटवारी और तहसीलदार पर रिश्वत लेने का आरोप लगाया तो किसी ने बिना अनुमति पेड काटे जाने पर चाही गई जानकारी नहीं उपलब्ध कराने की शिकायत की। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने आवेदकों के आवेदनों पर सुनवाई की और संबंधित विभागों को निराकरण करने के निर्देश प्रदान किए।

जनसुनवाई में कैमोर की खलवारा बाजार निवासी मंजूलता सोनी ने घर के पास लगे पेड़ों को दूसरे के द्वारा काटे जाने पर उसकी अनुमति संबंधी जानकारी न मिलने को लेकर कलेक्टर श्री मिश्रा को आवेदन दिया। जिसपर कलेक्टर श्री मिश्रा ने पीओ डूडा को मामले की जांच करते हुए सात दिनों के अंदर महिला को जानकारी देने के निर्देश दिए गए। कटनी निवासी राधेश्याम गुप्ता ने भूमि का नामांतरण संबंधी परेशानी बताई तथा हल्का पहाड़ी के पटवारी पर सीमांकन के लिए 35 हजार रिश्वत लेने के आरोप लगाये। आरोप के दायरे में पटवारी को भी समेटा। कलेक्टर द्वारा शपथ पत्र दिये जाने की बात पर शिकायतकर्ता राधेश्याम शपथ पत्र प्रस्तुत करने को भी तैयार हो गये। जिसपर कलेक्टर श्री मिश्रा ने एडीएम को आवेदक के प्रकरण का निराकरण कराने के निर्देश प्रदान किए। कलेक्टर श्री मिश्रा के साथ ही संयुक्त कलेक्टर साधना परस्ते, डिप्टी कलेक्टर संस्कृति शर्मा ने भी आवेदकों के आवेदनों पर सुनवाई की और संबंधित विभागों को आवेदन भेजकर निराकरण के निर्देश प्रदान किए।

जनसुनवाई के दौरान 72 आवेदकों के आवेदन आए, जिसमें एसडीएम कार्यालय बहोरीबंद के 4, एसडीएम विजयराघवगढ़ के 3, एसडीएम कटनी का 1, जनपद पंचायत कटनी कार्यालय से संबंधित 5 आवेदन आए। इसी प्रकार जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा व बहोरीबंद के 2-2, जनपद रीठी का 1 और विजयराघवगढ़ जनपद पंचायत के 2 आवेदन आए। जिला पंचायत से संबंधित 7 आवेदन, तहसीलदार कटनी ग्रामीण का 1, कटनी शहरी के 5, बड़वारा के 3, बरही, बहोरीबंद व रीठी तहसीलदार कार्यालय से संबंधित 1-1 आवेदन जनसुनवाई में आया।

तहसीलदार विजयराघवगढ़ के 3, स्लीमनाबाद के 2 आवेदन आए। नगर निगम के 4, नगर पंचायत बरही 1, नायब तहसीलदार पहाड़ी, नर्मदा घाटी प्राधिकरण कार्यालय का 1-1, पुलिस अधीक्षक कार्यालय के 2, भू अभिलेख शाखा व स्टेनो टू कलेक्टर के 1,1, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय, विद्युत विभाग, शिक्षा विभाग के 3-3, श्रम अधिकारी के 2, संस्थागत वित्त के 3, सामाजिक न्याय, सामान्य शाखा और स्थापना शाखा के 1-1 आवेदन जनसुनवाई में आए। इस दौरान सहायक कलेक्टर अंजली रमेश सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी मौजूद थे।



# गीतांजलि में बिखरा बसंतोत्सव का उल्लास

### नृत्यांगनाओं ने घुंघरू पूजन कर लिया गुरूजनों का आशीष

**कटनी।** स्थानीय गीतांजलि संगीत महाविद्यालय में वसंत पंचमी का पर्व मां सरस्वती के वन्दन, पूजन के साथ मनाया गया। पीले परिधानों से सजी नृत्यांगनाओं को देखकर ऐसा लग रहा था जैसे परिसर में वसंत उतर आया हो। पूरे परिसर में वसंतोत्सव का उल्लास बिखरा हुआ था। कार्यक्रम का शुभारंभ संगीत और बुद्धि की देवी मां सरस्वती के पूजन से हुई। इस अवसर पर गीतएसंगीत और नृत्य विधाओं के छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में कत्थक नृत्य की सभी आयु वर्ग की छात्राओं एवं नृत्यांगनाओं ने घुंघरू पूजन करा कर अपने गुरुजनों का आर्शीवाद लिया। पूजन वन्दन के पश्चात सभी विधाओं गायन, वादन एवं नृत्य के विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी कलाओं की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में डॉ. श्रीराम सोलंकी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अध्यक्ष मीनाक्षी बल्वी ने की। शकुंतला सिंह, रजनी, सीमा एवं अयोध्या प्रसाद नामदेव विशिष्ट अतिथि रहे। वरिष्ठ नृत्यांगनाओं में स्मृति पांडेय, कावेरी, गोपिका गट्टानी, सान्या तिवारी, निकिता मिश्रा, आस्था राय, स्वाति, सीमा, अदिति, मान्यता, आरूषि सिंह, शुभि नामदेव, सौम्या हल्दकार, मीनू चौहान आदि की उपस्थिति रही।

# कॉलेजों, छात्रावासों एवं कार्यालयों का हो सतत निरीक्षण

### मुख्यमंत्री ने जिला उच्च शिक्षा अधिकारियों को दिए निर्देश

**कटनी।** उच्च शिक्षा विभाग द्वारा सभी महाविद्यालय, छात्रावास और विभागीय कार्यालयों का नियमित निरीक्षण किया जायेगा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उच्च शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिये थे। जिले के अग्रणी महाविद्यालय के प्राचार्य माह में दो बार जिले के अधीनस्थ महाविद्यालयों, छात्रावासों का निरीक्षण करेंगे। क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक माह में पाँच बार संभाग के अधीनस्थ महाविद्यालयों, छात्रावासों का निरीक्षण करेंगे। उच्च शिक्षा संचालनालय के अधिकारी और विभाग के मंत्रालयीन अधिकारी माह में एक बार महाविद्यालयों, छात्रावासों, विभागीय कार्यालयों का निरीक्षण करेंगे। निरीक्षण में संबंधित अधिकारी शैक्षणिक, गैर शैक्षणिक स्टाफ की उपस्थिति, कक्षावार समय-सारणी का पालन, विषयवार शिक्षक-विद्यार्थी अनुपात, परिसर की साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय, महिला शौचालय की व्यवस्था, छात्राओं के लिए कॉमन रूम, पुस्तकालयों में पुस्तकों की पर्याप्त संख्या एवं सुचारू वितरण, छात्रावास व्यवस्था,क्रीडा सुविधाएं, एनसीसी, एनएसएस गतिविधियां, हितग्राहीमूलक योजनाओं का प्रचार-प्रसार और क्रियान्वयन, विद्यार्थियों के लिए हेल्प डेस्क की व्यवस्था, कार्यालय संबंधी व्यवस्था, निर्माण कार्यों की स्थिति तथा कोविड प्रोटोकॉल का पालन आदि बिन्दुओं पर अवलोकन करेंगे।

# मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भेजी ख्वाजा की दरगाह में चादर शरीफ

### पीरबाबा की बारगाह में हुई जियारत



**कटनी।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा हर साल हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती रहमतुल्लाअलेह की बारगाह में पूरे प्रदेश की सुख शांति एवं समृद्धि के लिए चादर पेश की जाती है। इस बार भी ख्वाजा की दरगाह में प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की ओर से चादर पूर्व राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त एस.के. मुद्दीन द्वारा भेजी गई।

जिस पर कटनी पीरबाबा में जियारत दर्शन के लिए चादर शरीफ को लाया गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से निवर्तमान महापौर शशांक श्रीवास्तव, पूर्व जिला उपाध्यक्ष अर्पित पोद्दार, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की पूर्व राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य शाहीन सिद्दीकी, किसान मोर्चा की मीडिया प्रभारी डॉक्टर शिव प्रकाश चक्रवर्ती, शमीम बानो, पूर्व जिला महामंत्री तारिक हुसैन, पूर्व जिला उपाध्यक्ष अब्दुल कादिर, पीरबाबा कमेटी के अध्यक्ष तनवीर खान, अंजुमन इस्लामिया ट्रस्ट के अध्यक्ष कैश अहमद लिप्पू भाई, हाजी ओवैस अहमद, अकील सिद्दीकी, अमित शर्मा, सादिक खान, मोहम्मद इमरान सिद्दीकी, मोहम्मद इरफान सिद्दीकी, अनमोल सिंह, सागर सिंह, भाजपा नेता सुहेल अली आदि की उपस्थिति रही। इनके अलावा सैकड़ों की संख्या में अकीदत मंद श्रद्धालुओं ने चादर शरीफ की जियारत की व पूरे प्रदेश सहित कटनी शहर की तरक्की, खुशहाली और अमनचैन के लिए दुआएं की।



# एड्स नियंत्रण में लगे कर्मियों को आवश्यक सुरक्षा सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश

### एडीआर सेन्टर में आयोजित हुई विधिक सेवा प्राधिकरण की बैठक

**कटनी।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी श्यामाचरण उपाध्याय के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी दिनेश कुमार नोटिया की अध्यक्षता में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा क्रिमिनल अपील क्रमांक 135/2010 बुद्धदेव कर्मासकर विरूद्ध पश्चिम बंगाल शासन राज्य एवं अन्य में पारित आदेश के पालन में मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एडीआर भवन कटनी में बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में सचिव श्री नोटिया द्वारा मप्र राज्य एड्स नियंत्रण समिति, भोपाल द्वारा समस्त जिला नोडल अधिकारी, जिला एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के तहत यौन कर्मियों को प्रदान की जाने वाली सेवाओं राशन कार्ड, आधारकार्ड, वोटर कार्ड एवं अन्य सामाजिक सुरक्षा में नाकों द्वारा जारी मानक संचालक प्रक्रिया (एस.ओ.पी) अनुसार कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त बैठक में डॉ. हेमंत श्रीवास्तव आईसीटीसी काउंसलर (एचआईवी, एड), राघवेन्द्र शर्मा लैब टेक्नीशियन (एचआईवी) जिला चिकित्सालय कटनी एवं फ्रेडी चार्ली, परियोजना प्रबंधक सहारा मंच, टी.आई. परियोजना कटनी की उपस्थिति रही।

# गंदगी फैलाने या अमानक पॉलीथिन का उपयोग किया तो होगा जुर्माना

### नए प्रावधान के तहत निगमायुक्त ने कार्यवाही के लिए किया टीम का गठन

**कटनी।** स्वच्छ सर्वेक्षण - 2022 अन्तर्गत नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था एवं पर्यावरण संरक्षण को दृष्टिगत रखते हुए आमानक पॉलीथिन, सी.एन.डी वेस्ट, यलो स्पॉट, खुले में शौच इत्यादि बिन्दुओं पर जुर्माने की कार्यवाही किए जाने का प्रावधान है। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे ने प्रावधान के तहत कार्यवाही करने हेतु निगम के स्वास्थ्य विभाग के स्वच्छता निरीक्षकों, वार्ड दरोगाओं, सुपरवाईजर का दल गठित कर अपने जोन क्षेत्र में प्रतिदिन निरीक्षण करते हुए सार्वजनिक स्थलों पर सी.एन.डी वेस्ट पाये जाने पर, यलो सपॉट एवं खूले में शौच के संबंध में रोको टोको अभियान चलाकर जुर्माने की कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया है। निगम के अतिक्रमण विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों को नगर में अमानक प्लास्टिक थैली का उपयोग करने वालों पर जुर्मानें की कार्यवाही करने के निर्देश प्रदान किये है।

# मास्क नहीं लगाने पर जारी है जुर्माना

### दो दिन में काटा 16600 का चालान

**कटनी।** कोविड - 19 संक्रमण से बचाव एवं प्रसार पर नियंत्रण हेतु जारी दिशा निर्देशों के परिपालन एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में निगम प्रशासन द्वारा रोजाना



नगर के सार्वजनिक स्थलों पर अभियान चलाकर कोविड प्रोटोकॉल का उल्लंधन करनें वालों पर जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी नें जानकारी देते हुए बताया कि निगम के स्वास्थ्य एवं अतिक्रमण विभाग के कर्मचारियों रोजाना नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों में अभियान चलाकर संक्रमण के प्रसार पर नियंत्रण के प्रयास किये जा रहे है। विगत दिवस एवं आज नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर अभियान चलाया जाकर मास्क का उपयोग न कर सार्वजनिक स्थलों में घूमने वालों पर 16600 रूपये जुर्माने की कार्यवाही की जाकर संबंधितों को मास्क का उपयोग कर महामारी के संक्रमण से स्वयं को एवं परिवार के सदस्यों को सुरक्षित रखनें की अपील की गई।

# बकाया करों के लिए गुरूनानक वार्ड में लगा शिविर, जमा हुए 205622 रूपए

**कटनी।** निगम प्रशासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2021-22 की समाप्ति पूर्व निगम के निर्धारित बकाया करों के लक्ष्य की प्राप्ति व बकाया करों को जमा करनें की सुविधा की दृष्टिगत रखते हुए निगम कार्यालय के अतिरिक्त रोजाना वार्डवार शिविरों को आयोजन किया जा रहा है।




आयोजित शिविर के तहत गुरूनानक वार्ड स्थित गुरूनानक मार्केट के पास शिविर का आयोजन किया गया। प्रभारी अधिकारी राजस्व, जागेश्वर पाठक ने बताया कि प्रातः आयोजित शिविर के दौरान निगम के राजस्व अमले द्वारा वार्ड के नागरिकों से संपर्क करते हुए उनके बकाया करों की जानकारी प्रदान करते हुए वार्ड में ही आयोजित शिविर का लाभ प्राप्त कर बाकाया करों को जमा करने की अपील की गई। शिविर के दौरान आगंतुक करदाताओं के माध्यम से संपत्तिकर की 34 रसीद काटी जाकर 190432 रूपये तथा जलकर की 6 रसीद काटी जाकर 15190 रूपये कुल बकाया करों के रूप में कुल 205622 रूपये निगम कोष में जमा किये गए।



# आर्थिक योजनाओं पर विद्यार्थियों से लिये सुझाव

### तिलक कॉलेज में नई शिक्षा नीति के तहत परियोजना पर हुई कार्यशाला

**कटनी।** शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गत दिवस प्राचार्य डॉ. सुधीर खरे के मार्गदर्शन और अर्थ शास्त्र विभाग की अध्यक्ष डॉ. कुमुद श्रीवास्तव के दिशा निर्देशन में नई शिक्षा नीति के तहत परियोजना विषय पर कार्यशाला का अयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान केंद्र सरकार की आर्थिक योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति और इसमें सुधार की गुंजाइश पर विद्यार्थियों से सुझाव भी लिए गए। विद्यार्थियों को अर्थ शास्त्र, आर्थिक व्यवस्था और कल्याणकारी आर्थिक योजनाओं से संबंधित विषय पर शीर्षक चुनकर पांच हज़ार शब्दों का निबंध अपने पर्यवेक्षक के मार्ग दर्शन में तैयार करने को कहा गया। विद्यार्थियों के इन निबंधों में से श्रेष्ठ निबंध ऊपर आर्थिक विशेषज्ञों तक भेजे जाएंगे। कार्यशाला में अर्थशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक प्रो. सुनील त्रिपाठी एवं अजय कुररिया का उल्लेखनीय सहयोग रहा।

# स्वच्छता संकल्प माह के रूप में मनाया जा रहा फरवरी







**कटनी।** फरवरी का महीना नगर निगम द्वारा स्वच्छता संकल्प माह के रूप में मनाया जा रहा है। प्रतिदिन निगम के स्वच्छता दूतों एवं स्वच्छता मित्रों द्वारा दो पालियों में विशेष अभियान चलाकर नगर के सार्वजनिक स्थलों एवं कालोनियों में साफ-सफाई कराई जा रही है। स्वच्छ सर्वेक्षण - 2022 के अनुरूप नगर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। वार्डो के मुख्य मार्गो, अन्य गलियों, डिवाईडर, डस्टबिन, नाले नालियों की सफाई का कार्य अनवरत जारी है। रोजाना नगरीय एवं विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाकर नागरिकों को स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 की जानकारी से अवगत कराते हुए नगर की सफाई व्यवस्था में सहयोग प्रदान करनें की अपील भी की जा रही है। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि निगमायुक्त सत्येन्द्र सिह धाकरे के निर्देशन में नगर के बड़े नालों की सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए निगम के स्वच्छता दूतों एवं जे.सी.मशीन के माध्यम से कटायेघाट मोड महाकौशल रिफैक्ट्री के पास से बड़े नाले की एवं अपशिष्ट के उठाव का कार्य अभियान चलाकर किया गया। प्रातःकालीन सफाई व्यवस्था के तहत नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों के मुख्य मार्गो सहित विभिन्न स्थलों गौशाला मार्ग के डिवाइडर, बस स्टेण्ड परिसर, चांडक चौक, आजाद चौक से शेर चौक, महात्मा गांधी वार्ड की विभिन्न गलियों, वीर सावरकर वार्ड नई बस्ती में बजाज हास्पिटल के पीछे, मिशन चौक, घंटाघर प्वांट, भट्टा मोहल्ला, बरगवां मुख्य मार्ग एवं डिवाईडर, शिवाजी वार्ड मेन रोड, पुरानी कचहरी रोड, स्टेट बेंक तिराहा, ग्राम पंचायत सुलभ शौचालय मार्ग, अमीर गंज मुख्य मार्ग सहित नगर के अन्य मार्गो की सफाई कराई जाकर कचरे के उठाव का कार्य किया गया। नगर के विभिन्न वार्डो के गली एवं मोहल्लों से डोर टू डोर कचरे का संग्रहण किया जाकर नागरिकों को घरों से निकलने वाले कचरे को दो अलग अलग डस्टबिन में रखने एवं निगम के कचरा संग्रहण वाहन में ही कचरा देकर नगर की सफाई व्यवस्था में सहयोग प्रदान करने की अपील की गई। नगर के सार्वजनिक नाले-नालियों की सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए नई बस्ती स्थित संत नगर क्षेत्र, मदन मोहन चौबे वार्ड मुख्य मार्ग की नालियों के कचरे के उठाव, कावस जी वार्ड मलिन वंशकार बस्ती गढडा टोला एवं बजरंग बली मंदिर के पीछे की नालियों, सहित नगर के अन्य स्थलों के नाले नालियों की सफाई कराई जाकर सुगम पानी निकासी के प्रयास किये गए।

### विशेष अभियान चलाकर दो पालियों में की जा रही साफ-सफाई

# हत्या के 3 आरोपियों को उम्र कैद

## बड़वारा में फोन पर बात न कराने के विवाद पर चार साल पहले हुई थी घटना, प्रधान सत्र न्यायाधीश ने सुनाया फैसला

**कटनी।** बड़वारा थाना अंतर्गत ग्राम विलायतकला के ददरी टोला में चार साल पहले हुई एक हत्या के मामले में प्रधान सत्र न्यायाधीश द्वारा आरोपी राजेश पिता कालू राम कोल, रामदास ऊर्फ हरिलाल पिता दल्ली कोल, सोहन ऊर्फ बब्बू पिता गांधी कोल को आजीवन कारावास एवं जुर्माने से दण्डित किया गया है। जिला अभियोजन कार्यालय के मीडिया सेल प्रभारी दिनेश कुमरे के अनुसार 06 अगस्त 2018 रात्रि लगभग 8 बजे फरियादी आहत गोविन्द केवट अपनी किराना दुकान के सामने बैठा था। उसीदौरान अभियुक्त राजेश कोल अपने साथी हरिलाल कोल एवं बब्बू कोल के साथ आहत फरियादी की दुकान के सामने आया तथा गोविन्द कोल से लल्लू ठाकुर को फोन लगाने व फोन पर बात कराने को कहा। लल्लू ठाकुर फरियादी का दोस्त है जो नासिक में रहता है। आरोपी राजेश कोल की बहन लल्लू ठाकुर के साथ नासिक में रहने लगी। इसी कारण आरोपी राजेश कोल गोबिन्द केवट से बुराई रखता था। इसी बुराई को लेकर घटना दिनांक को राजेश कोल अपने साथी हरिलाल कोल व बब्बू कोल के साथ मिलकर गोविन्द कोल को मां-बहन की अश्लील गाली देने लगा तथा हत्या करने की नियत से लाठी से गोविन्द कोल के सिर पर वार किया। गोविन्द कोल जान बचाकर अपने घर के तरफ भागा, तभी गोविन्द को बचाने उसके पिता लखन केवट तथा भाई गोपाल केवट आ गये।

### 6-6 माह का सश्रम कारावास

राजेश कोल के साथी आरोपी हरिलाल कोल व बब्बू कोल भी लाठी से गोविन्द केवट, लखन केवट एवं गोपाल केवट तीनों बाप बेटे के साथ हत्या करने की नियत से मारपीट करने लगे। मारपीट में आयी चोटों से लखन केवट जमीन पर गिर गया तथा उसके दोनों बेटे गोविन्द एवं गोपाल को चोटें आयी। फरियादी पक्ष की ओर से घटना की सूचना तत्काल 100 डायल को दी गई। 100 डायल के आने पर तीनों आहतों को इलाज हेतु जिला चिकित्सालय ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने फरियादी के पिता लखन केवट को मृत घोषित कर दिया गया। फरियादी की रिपोर्ट के आधार पर बड़वारा थाना के अपराध क्रमांक 351/2018 धारा 323, 307, 302, 34 पंजीबद्ध किया गया। विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। मामले में अभियोजन की ओर से लोक अभियोजक रजनीश सोनी द्वारा पैरवी की गई। अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यो एवं तर्को से सहमत होते हुए प्रधान सत्र न्यायाधीश द्वारा उपरोक्त तीनों आरोपियों को धारा 302, 34 में आजीवन कारावास एवं 323, 34 में 6-6 माह का सश्रम कारावास एवं अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।



बेचना है
आवासीय भूखंड क्षेत्रफल 56.5x वर्गफुट डायवर्टेड झिंझरी पुलिस लाइन के पास विक्रय करना है। वास्तविक खरीददार संपर्क करें
मो. 9329818900

JOB OPENING
Requirement/skills
1. Tally, 2. Micro-soft Excel, Word
3. Communication Skills
The Dinesh Goods Transport Co.
Address- Near Ajay Dall Mill Madhavnagar gate Acc Post Katni m.p.
For Application
Contact- Ayush Jain
Mo. 8989020207

बेचना है
द्वारका सिटी, बरगवां कटनी में पानी की टंकी के पास मकान नं. 236, 237 बेचना है। प्रत्येक 480 वर्गफुट का स्वतंत्र मकान छत सहित। एक कमरा, किचिन, लेटबाथ, के साथ बरामदा (क्लोज) तत्काल बेचना है। शीघ्र संपर्क करें-
मो. 9977761441
9425859026

रत्ना मैरिज गार्डन
मुड़वारा स्टेशन के पास
शहर के मध्य सुविधाओं से युक्त विशाल परिसर
बजट आपका व्यवस्था हमारी
एक बार अवश्य पधारें
शादी विवाह व अन्य आयोजन के लिए 100 व्यक्तियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था, जनवासा अलग से
पानी, बिजली और पार्किंग की बेहतर व्यवस्था
पाठक वार्ड, कटनी
संपर्क :- 9425466630, 7999523588
शहर के मध्य क्षेत्र में मीटिंग, कान्फ्रेंस, बर्थ-डे पार्टी एवं अन्य बड़े आयोजनों के लिए बेहतर स्थान
कोरोना गाइड लाइन के तहत ही सभी कार्यक्रम का आयोजन होगा।

देवपद स्किन एवं हेयर क्लीनिक
डॉ. कनिका अग्रवाल
M.B.B.S. D.D.V. (Mumbai)
सौन्दर्य एवं चर्मरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल मुम्बई
कील मुहॉसे, दाद, खाज, खुजली, एलर्जी, टेनिंग, सफेद दाग, कुष्ठ रोग, मस्सा, तिल, कार्न वार्ट, सोराएसिस, एक्जीमा, एंटी एजिंग, नाखुन के रोग, बाल झड़ना, शिशु चर्मरोग, कान की सिलाई, पी.आर.पी केमिकल पीलिंग, मेडिफेशियल, डर्मारोलर
मिलने का समय-सुबह 9:30 बजे से दोप.11:30 बजे तक एवं सायं 4:30 बजे से सायं 7:30 बजे तक।
महावीर कीर्ति स्तंभ के सामने झंडा बाजार, कटनी मो. 7045044274

ROYAL VINTAGE
for Bride-Groom Entry & Auspicious Program
केवल 16000 में
Hire Vintage Car for Wedding
Vintage Car Rent
स्पेशल डिस्काउंट
Contact us @ Katni : Mr. Ajay 9754005830, 9575796008

U-TURN
END OF THE Season SALE
UPTO 50% Off
On Selected Merchandise
CITY Mall
U-TURN, 1st & 2nd floor, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni (M.P.) Tel : 07622 422412

# विकलांग सर्टिफिकेट लेकर घूम रहा दिव्यांग



## आज तक नहीं मिला पेंशन का लाभ जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

**कटनी।** शासन द्वारा दिव्यांगों के लिए योजनाएं चलाई जा रही हैं ताकि उन्हें लाभ दिलाया जा सके लेकिन देखने में आ रहा है कि जिम्मेदार अमले की उदासीनता के कारण सरकारी योजनाएं मजाक साबित हो रही हैं। ऐसी ही कुछ हकीकत सामने आई है, जिसमें कैमोर के वार्ड क्रमांक 4 निवासी मुन्नू कोल को आज तक योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाया है। दिव्यांग मुन्नू ने बताया कि दो साल पहले उसने विकलांग सर्टिफिकेट बनवाया था लेकिन आज तक उसे पेंशन का लाभ तक नहीं मिल पाया है। मुन्नू का कहना था कि नगर परिषद से लेकर संबंधित अधिकारियों तक से गुहार लगाने के बाद भी उसे पेंशन का लाभ नहीं मिल पा रहा है जबकि दिव्यांग होने के कारण बड़ी मुश्किल से उसका और परिवार का भरण पोषण हो रहा है। कुल मिलाकर इस मामले ने जिम्मेदार अधिकारियों की कर्तव्यपरायणता पर सवाल खड़े करने में कोई कसर नहीं छोड़ी तो वहीं विकलांगों को लाभ दिलाने के राग भी बेसुरे साबित हो रहे हैं।

AVAILABLE FOR SALE
1 Nos Tata 3118 Model-2012
MP-17-HH-3007
SUNDARAM FINANCE LTD.
Contact No. 9425600592, Ph-07622-405617

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
डॉ. स्मिता बजाज
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

JOHNSON Not just tiles, Lifestyles.
सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
समर्थ मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668

यश भारत के 16वें वर्ष में प्रवेश पर यश भारत परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं
EMERGENCY SERVICES 24 X 7
SH SANSKARDHANI HOSPITAL PVT. LTD.
संस्कारधानी हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड सुविधा उपलब्ध
सभी विभागों के साथ निरंतर आपकी सेवा में
अस्थि रोग विभाग: डॉ. विवेक गोलछा एम.एस ऑर्थो, डी.एन.बी; डॉ. रोहित चतुर्वेदी एम.एस.आर्थो
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग: डॉ. साक्षी मिश्रा एम.एस.; डॉ. शालिनी गुप्ता डी.जी.ओ.
न्यूरोलॉजी विभाग: डॉ. एल. एन. शर्मा एम. डी., डी. एम.
मेडिसिन विभाग: डॉ. आशीष पटेल एम. डी.; डॉ. सौरभ ठाकुर एम.डी.
कार्डियोलॉजी विभाग: विशेषज्ञ उपलब्ध
शल्य क्रिया (सर्जरी) विभाग: डॉ. नीलकमल सुहाने एम.एस.; डॉ. आशुतोष सिलोदिया एम.एस.
न्यूरो सर्जरी विभाग: डॉ. अमितेष दुबे एम.एस., एम.सी.एच.
यूरोलॉजी मूत्र रोग विभाग: डॉ. विमल गोलछा एम. एस., एम.सी.एच.; डॉ अनूप जैन एम.एस., एम.सी.एच.
पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग: डॉ. अभिषेक तिवारी पीडियाट्रिक सर्जन
नाक, कान, गला रोग विभाग: डॉ. राजेश अग्रवाल एम.एस.; डॉ. अनिरुद्ध शुक्ला एम. एस.
कैंसर रोग विभाग: विशेषज्ञ उपलब्ध
प्लास्टिक सर्जरी विभाग एवं बर्न यूनिट: डॉ. शरद ठाकुर एम.एस., एम.सी.एच.
शिशु रोग विभाग: डॉ. जी. एल क्षत्री एम.डी.; डॉ. विजय आनंद मरावी एम. डी.
निश्चेतना विभाग: डॉ. एन चौधरी एम.डी.; डॉ. नितिन बोहरे एम.डी.
विशेष ऑपरेशन
• हार्निया • प्रोस्टेट
• बवासीर/भगंदर • अपेंडिक्स
• आंतों में छेद व छालों का ऑपरेशन
• बच्चेदानी का ऑपरेशन
• नॉर्मल डिलीवरी/ऑपरेशन द्वारा डिलीवरी
• नवजात बच्चों के टेढ़े पैरों का इलाज
• फ्रेक्चर संबंधी सभी ऑपरेशन
• घुटने एवं कूल्हे के जोड़ों का प्रत्यारोपण
• हड्डियों के सभी प्रकार के ऑपरेशन
• रीढ़ की हड्डी के ऑपरेशन
• स्लिप डिस्क/सायटिका
• सिर की गंभीर चोट के ऑपरेशन
• कैंसर के सभी प्रकार के ऑपरेशन
• कान, नाक, गले के ऑपरेशन
• कान के परदे एवं नाक की हड्डी व गले के थायराइड का ऑपरेशन
• पथरी के ऑपरेशन दूरबीन द्वारा
• प्लास्टिक सर्जरी के समस्त ऑपरेशन
• नसबंदी/परिवार नियंत्रण योजना के अंतर्गत
अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ. विवेक गोलछा एम.एस. ऑर्थो, डी. एन. बी.
डॉ. रोहित चतुर्वेदी एम.एस. ऑर्थो
•घुटना प्रत्यारोपण •कूल्हा प्रत्यारोपण
•ऑर्थोस्कोपी •ट्रॉमा फ्रेक्चर
अन्य सुविधाएँ
• प्लास्टिक सर्जरी यूनिट
• यूरो सर्जरी यूनिट
• एक्सरे 24×7
• सोनोग्राफी
• पैथोलॉजी 24×7
• आयुष्मान भारत योजना अधिकृत
• एम्बूलेंस सर्विस 24×7
कटनी रोड, दमोह रोड, कटंगी बायपास ओव्हरब्रिज, नागपुर रोड, मदर टेरेसा मोड़, कटंगी रोड, दीनदयाल बस स्टैण्ड, चुंगी नाका चौक, पाटन रोड
संस्कारधानी हॉस्पिटल
227/71, कटंगी रोड, करमेता, जबलपुर (म.प्र.)
9425804041, 7999595564, 8770421607
sanskardhanihospital@yahoo.com | www.sanskardhanihospital.com
SS ADVT.

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)